# मल्टीचिप फैब्रिकेशन यूनिट के साथ रक्षा तकनीक का केंद्र बनेगा यूपी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। भारत की पहली मल्टीचिप फैब्रिकेशन यूनिट नोएडा में जेवर एयरपोर्ट के पास स्थापित होगी। प्रस्तावित इकाई में तैयार होने वाले चिप का उपयोग अंतरिक्ष सेंसर, ड्रोन, रात्रि दृष्टि उपकरण, मिसाइल, लड़ाकू जेट, इलेक्ट्रिक वाहन, सैन्य संचार, रडार और जैमर जैसे सैन्य उद्देश्यों में किया जाएगा।

खास बात ये है कि यूपी में स्थापित होने वाले ये इकाई दुनिया की चुनिंदा इकाइयों में से एक होगी। इसके निर्माण के साथ ही भारत दुनिया में रक्षा तकनीक का मजबूत केंद्र बनकर उभरेगा। इस उपलब्धि में उत्तर प्रदेश की उद्योग फ्रेंडली नीतियों और वैश्विक कारोबार में प्रदेश के बदले माहौल का अहम योगदान है।

इस परियोजना को भारतीय सेमीकंडक्टर मिशन और यूएस स्पेस फोर्स के सहयोग से

## सैन्य उद्देश्यों के लिए मल्टीचिप का होगा उपयोग

साकार किया जाएगा। ये यूनिट दुनिया की उन गिनीचुनी इकाइयों में से एक होगी, जिसमें डिजाइन और निर्माण दोनों की क्षमताएं होंगी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने सेमीकंडक्टर प्लांट के लिए जमीन का अधिग्रहण कर लिया है। जेवर में बनने वाले चिप को एशिया-प्रशांत के मित्र देशों को निर्यात भी किया जा सकता है।

औद्योगिक विकास विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इतना बड़ा चिप संयंत्र भारत और अमेरिका के बीच गहरे होते रक्षा संबंधों का उदाहरण है, जिसकी महत्वपूर्ण कड़ी यूपी बना है। भारत मल्टी फंक्शनल चिप का प्रमुख आयातक देश है। नोएडा में इकाई बनने के बाद सालाना 6,000 करोड़ रुपये की बचत होगी।